भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
31.07.2024 के
अतारांकित प्रश्न सं. 1493 का उत्तर

दिल्ली-मुंबई रेलवे लाइन पर बने फुट ओवर ब्रिज की जीर्ण-शीर्ण स्थिति

1493. श्री रामवीर सिंह बिधूड़ी:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को दक्षिण दिल्ली में हरकेश नगर के निकट दिल्ली-मुंबई रेलवे लाइन पर बने फुट ओवर ब्रिज की जीर्ण-शीर्ण स्थिति की जानकारी है;

(ख) यदि हां, तो सरकार द्वारा उक्त फुट ओवर ब्रिज (एफओबी) की मरम्मत के लिए क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे हैं;

(ग) क्या सरकार का विचार उक्त फुट ओवर ब्रिज के स्थान पर एक नया पुल बनाने का है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री
(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (घ): विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

*****

दिल्ली-मुंबई रेलवे लाइन पर बने फुट ओवर ब्रिज की जीर्ण-शीर्ण स्थिति के संबंध में दिनांक 31.07.2024 को लोक सभा में श्री रामवीर सिंह बिधूड़ी के अतारांकित प्रश्न सं. 1493 के भाग (क) से (घ) के उत्तर से संबंधित विवरण।

(क) से (घ): भारतीय रेल में ऊपरी पैदल पुलों के निरीक्षण एवं अनुरक्षण की एक सुव्यवस्थित प्रणाली है। पुल की वास्तविक स्थिति का पता लगाने के लिए सभी ऊपरी पैदल पुलों का वार्षिक निरीक्षण किया जाता है और सुधारात्मक कार्रवाई की जाती है।

तदनुसार, दिल्ली में हरकेश नगर के निकट ऊपरी पैदल पुल का आवधिक निरीक्षण किया गया था। वर्तमान में ऊपरी पैदल पुल अच्छी स्थिति में है और इसे बदलने की आवश्यकता नहीं है।

****